मध्य प्रदेश शासन,
महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक 1954/14/50-2-    भोपाल, दिनांक 31/07/14

प्रति,

1. कलेक्टर,
   जिला समस्त (मध्यप्रदेश)
2. पुलिस अधीक्षक,
   जिला समस्त (मध्यप्रदेश)
3. संभागीय, उप संचालक,
   महिला सशक्तिकरण
   संभाग समस्त (मध्यप्रदेश)
4. जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी,
   जिला समस्त (मध्यप्रदेश)
5. संरक्षण अधिकारी (बाल विकास परियोजना अधिकारी)
   एकीकृत बाल विकास परियोजना समस्त (मध्यप्रदेश)

विषयः--आश्रयविहीन एवं हिंसा से पीड़ित महिलाओं को शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में भेजने के सम्बन्ध में।

विषयान्तर्गत जैसा कि आपको विदित है कि हिंसा से पीड़ित, आश्रयविहीन महिलाओं को आश्रयगृह की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश में शासकीय संस्थाऐं–नारी निकेतन, अल्प आवास गृह, महिला उद्धारगृह संचालित हैं। इसी प्रकार अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से स्वाधार (भारत सरकार द्वारा सहायित) एवं उषा किरण योजना अंतर्गत आश्रय गृहों का प्रावधान है। बालकों के संबंध में विधि के उल्लंघन, देखभाल एवं संरक्षण हेतु क्रमशः सम्प्रेक्षणगृह एवं अन्य बालगृहों, आश्रयगृहों, खुला आश्रयगृह, पश्चातवर्तीगृह एवं विशेषगृहों का प्रावधान है। प्रदेश में शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं की सूची संलग्नानुसार है।

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि विभागीय कियान्वयन एजेंसियों में बेहतर समन्वय, आश्रयगृहों के संचालन की स्थिति की जानकारी कियान्वयन एजेंसियों को न होने के कारण पीड़ित महिला को आश्रयगृह की सुविधा हेतु सामान्यतया शासकीय नारी निकेतन उज्जैन, ग्वालियर, सतना को प्रकरण रेफर कर दिये जाते हैं, जबकि संबंधित जिलों में भी स्वाधार/उषा किरण योजना अंतर्गत आश्रयगृह संचालित हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे प्रकरण भी सामने आये हैं जिनमें 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को भी नारी निकेतनों में भेजे जाने के आदेश मान0 न्यायालय एवं अन्य कियान्वयन एजेंसियों द्वारा दिये गये हैं। जबकि किशोर न्याय अधिनियम 2000 के परिपालन में 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को विधि के उल्लंघन की स्थिति में संप्रेक्षणगृह ,देखभाल एवं संरक्षण की स्थिति में एकीकृत बाल संरक्षण योजना (ICPS ) अनुसार गठित विभिन्न बालगृहों, आश्रयगृहों, खुला आश्रयगृह, पश्चातवर्तीगृह एवं विशेषगृहों में रखे जाने का प्रावधान है। (सूची संलग्न है)

इसी प्रकार इम्मोरल ट्रेफिकिंग एक्ट 1956 के तहत रेस्क्यू की गई महिलाओं के लिए शासकीय संस्था–महिला उद्धार गृह इन्दौर संचालित है। अतः आई.टी.पी. एक्ट 1956 के तहत रेस्क्यू की गई महिलाओं को शासकीय नारी निकेतन या अन्य अशासकीय संस्थाओं द्वारा स्वाधार/उषा किरण योजना अंतर्गत संचालित, आश्रयगृहों में न भेजते हुए, महिला उद्धारगृह, पलासिया थाने के सामने, इन्दौर में भेजा जाये।

कृपया उपरोक्तानुसार निर्देश अधीनस्थ पुलिस थाना प्रभारियों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के भार साधक अधिकारियों को सूचित एवं तदानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। जिले स्तर पर विभाग की ओर से जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारियों से इस संबंध में सम्पर्क एवं समन्वय किया जा सकता है।

संलग्नः–शासकीय एवं अशासकीय आश्रयगृहों की सूची

(बी.आर. नायडू)
प्रमुख सचिव,
महिला एवं बाल विकास विभाग

पृ0क्र. 1288 / 954/14/502 भोपाल दिनांक 31/7/14
प्रतिलिपिः–

1. रजिस्ट्रार, मान0 उच्च न्यायालय, जबलपुर की ओर भेजकर निवेदन है कि उपरोक्तानुसार निर्देश मान0 अधीनस्थ न्यायालयों को अग्रेषित करने का कष्ट करें।
2. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (महिला अपराध शाखा) पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
3. आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा संचालनालय, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।

प्रमुख सचिव,
महिला एवं बाल विकास विभाग

DA A/RA

301

उषा किरण योजना (घरेलू हिंसा कानून) अंतर्गत पंजीकृत सेवा प्रदाता (आश्रय गृह)की सूची

| | जिले का नाम | शासकीय / अशासकीय | संस्था का नाम / पूर्ण पता टेलीफोन नं. सहित | शासन का पंजीकृत आदेश क्रमांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ग्वालियर, | शासकीय | अधीक्षिका, नारी निकेतन ग्वालियर, माधव बाल निकेतन का प्रथम तल, लक्ष्मीगंज, लश्कर, ग्वालियर–0751–2372961 | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.08 |
| 2 | भोपाल | शासकीय | अधीक्षिका, नारी निकेतन, भोपाल फोन 0755–4002353 | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.08 |
| 3 | जबलपुर | अशासकीय | जिला स्तरीय परिवार परामर्श केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास, जबलपुर मोबा. 94251 52003 | क. 2175 / 1798 / 2011 / 50–2 भोपाल दि0 19.09.2011 |
| 4 | उज्जैन | शासकीय | नारी निकेतन उज्जैन, राजपूत कन्या छात्रावास, बसंल बिहार, बी सेक्टर, इन्दौर रोड उज्जैन, 0734–2520517 | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.08 |
| 5 | सतना, | शासकीय | अधीक्षिका नारी निकेतन, कन्या धवारी विद्यालय के सामने, सतना, 07672–222699, मोबा. | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.08 |
| 6 | जबलपुर | शासकीय | अधीक्षिका, अल्पकालीन आवास गृह यादव कालोनी, कल्याणी पाण्डेय चौक के पास, अर्चना पाठक का मकान जबलपुर, म.प्र. 9425403146, 0761–2623810 | क. एफ 10–177 / 50–2 पीएफ 07 भोपाल दिनांक 25.05.2010 |
| 7 | रीवा | शासकीय | अधीक्षिका, अल्पकालीन आवास गृह, बोदाबाग रोड,रीवा 07662–256857 | क. एफ 10–177 / 50–2 पीएफ07 भोपाल दिनांक 25.05.2010 |
| 8 | भोपाल | अशासकीय | न्यू समीरा संवेदना समिति भोपाल,3 / 229, डी–2,दानिश कुंज कोलार रोड भोपाल 9425602635 | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.08 |
| 9 | भोपाल | अशासकीय | म.प्र. अनुसूचित जाति विकास एवं कल्याण परिषद, म.नं. 6, श्यामला हिल्स, भोपाल, मो0 नं. 98260–74849 | क.एफ 4–74 / 2011 / 50–2 भोपाल दिनांक 6.4.11 / 19.4.11 |
| 10 | राजगढ़ | अशासकीय | गोपाल महिला मंडल, इंगले कालोनी राजगढ़ (ब्यावरा) 07372–2255416 | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 11 | अशोकनगर | अशासकीय | फोरम फॉर इनवायरमेंट एण्ड इकोनॉमिक डेव्हालपमेन्ट, शंकरपुर आरोन रोड, अशोकनगर, 94257–96218, 9589296500 | क. 2778 / 1098 / 2010 / 50–2 भोपाल दि0 10.08.2010 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | शिवपुरी | अशासकीय | मंगलम् शिवपुरी, नगर पालिका के पास, जिला न्यायालय रोड, शिवपुरी 07490–234141 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 13 | गुना | अशासकीय | शिवांगी एजूकेशन एंव रूरल डेव्लपमेंट सोसायटी, हनुमान कालोनी, गुना 07542–255796 हॉस्पीटल रोड चौधरन कालोनी, गुना | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 14 | श्योपुर | अशासकीय | श्री राम शिक्षा समिति पाली रोड श्योपुर 0751 –2421370 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 15 | भिण्ड | अशासकीय | महिला बाल विकास समिति, भिण्ड –2 मुखर्जी कालोनी, जेल के सामने भिण्ड, 07534–230545 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 16 | छिंदवाड़ा | अशासकीय | भारतीय आदिम जाति सेवक संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित अल्प कालीन आवास गृह, बेलगांव रोड, सौंसर, हनुमान मंदिर के पास, छिन्दवाड़ा 9424765141 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 17 | मण्डला | अशासकीय | अल्प कालीन आवास गृह भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, नई दिल्ली शाखा महराजपुर, मण्डला 07642–252613 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 18 | दमोह | अशासकीय | भारतीय रेडकॉस सोसायटी, जिला–शाखा दमोह, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी, पुराना कलेक्ट्रट भवन, दमोह 07812–222183, 222193 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 19 | छतरपुर | अशासकीय | महिला समिति छतरपुर, किशोर सागर रोड, पंचायत आफिस के सामने, छतरपुर 07682–5244277 | क. 605/12/2010/50–2 भोपाल दिनाक 19.02.2010 |
| 20 | इन्दौर | अशासकीय | अखिल भारतीय महिला सभा, इन्दौर "सेवाकुंज" 48/1, स्नेहलतागंज, इन्दौर 0731–2541528, 4278895 | क. 1092/633/2012/50–2 भोपाल दिनांक 17.04.2012 |
| 21 | धार | अशासकीय | जिला रेडकास सोसायटी धार, जिला भोज चिकित्सालय के पास, इन्दौर नाके के पास, इन्दौर रोड, धार, 07292–22249 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 22 | देवास | अशासकीय | मानव सेवा कल्याण संस्थान, 289, गंगानगर देवास, म.प्र. 07272–251346 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 23 | शाजापुर | अशासकीय | अंकुर प्रगतिशील महिला केन्द्र, गैस गोडाउन के पास, टंकी चौराहा, शाजापुर 94250–21570 | क.एफ–10–177/07/50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | नीमच | अशासकीय | भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, शासकीय चिकित्सालय के सामने, नीमच म.प्र. 07423–257133 | क.एफ–10–177 / 07 / 50–2 भोपाल दिनांक 28.5.09 |
| 25 | सागर | अशासकीय | पीलू फॉउन्डेशन सी ब्लाक, भाग्योदय तीर्थ, खुरई रोड, सागर, 07582–2266244, 94251–71922 | क. 1450 / 2911 / 09 / 50–2 भोपाल दिनांक 04.05.2010 |
| 26 | खरगौन | अशासकीय | महिला सभा खरगौन, कलेक्टर कम्पाउण्ड, 11 सनावद रोड खरगौन फोन 07282–232791 | क.2184 / 1763 / 2011 / 50–2 भोपाल, दिनांक 20.09.11 |
| 27 | मंदसौर | अशासकीय | कचरमल गेहलोत शिक्षण समिति सुदामा नगर, नाका नं0 5 के आगे, अभिषेख भवन, रामटेकरी, मंदसौर मो0 9407496898 | क. 594 / 210 / 2012 / 50–2 भोपाल दिनांक 5 मार्च 2012 |
| 28 | खण्डवा | अशासकीय | आश्रम शांति निकेतन शिक्षा समिति, नये झूला पुल के पास, ब्रह्मपुरी,ओंकरेश्वर खण्डवा फोन नं0 मो0 9406587459 | क. 1236 / 742 / 2013 / 50–2 भोपाल दिनांक 06 मई, 2013 |
| 29 | खण्डवा | अशासकीय | सोसायटी फार एजुकेशनल एण्ड इनवायरमेनटल डेवलपमेंट (सीड) 18 रविन्द्र नगर, खण्डवा जिला खण्डवा (म.प्र.) फोन नं0 मो0 | क. 217 / 1992 / 2013 / 50–2 भोपाल दिनांक 06 फरवरी, 2014 |
| 30 | बालाघाट | अशासकीय | प्रकृति महिला विकास केन्द्र वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र.) | क. 247 / 1993 / 2013 / 50–2 भोपाल दिनांक 12 फरवरी, 2014 |